आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 29.12.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

2. नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वारा प्रथम तिरंगा फहराए जाने की इक्यासवीं वर्षगांठ मनाए जाने की स्मृति में कल फ्लैग प्वाइंट में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

3. द्वीपसमूह में दो माह के खाद्यान्न जनवरी दो हजार पच्चीस में एक साथ वितरित किए जाएंगे।

4. अंडमान निकोबार कमान के वायु सेना केन्द्र की ओर से सुनामी की बीसवीं वर्षगांठ मनाए जाने के अवसर पर दिवंगतों को श्रद्धांजलि देने के लिए कार–निकोबार में तैराकी का आयोजन किया गया।

5. तेईसवें राज्य स्कूल खेलों में डिगलीपुर शैक्षिक अंचल की विजेता टीम के लिए उप–शिक्षा अधिकारी द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ सत्रहवीं कड़ी होगी। मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन ए.आई.आर. मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डी.डी. न्यूज़, पी.एम.ओ. और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा।

<><><><><><><>

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वारा प्रथम तिरंगा फहराए जाने की इक्यासवीं वर्षगांठ मनाए जाने की स्मृति में कल फ्लैग प्वाइंट में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर सुबह आठ बजे उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके अलावा दक्षिण अंडमान ज़िला प्रशासन द्वारा अंडमान क्लब में सुबह आठ बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में दो माह के खाद्यान्न जनवरी दो हजार पच्चीस में एक साथ वितरित किए जाएंगे। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के लाभार्थियों को इस वर्ष अप्रैल से लेकर अगले वर्ष मार्च तक की रियायती चीनी का कोटा एक साथ प्रदान किया जाएगा। एक किलो चीनी प्रति कार्ड प्रतिमाह के हिसाब से वितरित की जाएगी। एक जनवरी से प्राथमिकता वाले समूह को तीस रूपये प्रति किलो और अंत्योदय अन्न योजना के लाभार्थियों को पन्द्रह रूपये प्रति किलो के हिसाब से चीनी मिलेगी। ऐसे सभी राशनकार्ड धारकों से अट्ठाईस फरवरी तक अपने दो महीने के राशन का कोटा उठाने को कहा गया है, हालांकि, जो राशन कार्ड धारक जनवरी के महीने में राशन नहीं ले पाते हैं, वे फरवरी माह में भी अपना राशन ले सकते हैं।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने एफ पी एस संख्या तीन सौ बयासी, एक सौ छत्तीस, तीन सौ छियासठ, छः सौ उनतालीस, चार सौ सड़सठ, चार सौ इक्यासी, पांच सौ छत्तीस, एक सौ बावन, तीन सौ अट्ठहत्तर, चार सौ निन्यानब्बे और पांच सौ तैंतालीस में पंजीकृत सभी राशन कार्ड धारकों से जनवरी दो हजार पच्चीस के बाद से अपना राशन एफ पी एस संख्या चार सौ चौरासी, एक सौ

सत्ताईस, पांच सौ छप्पन, एक सौ सैंतालीस, दो सौ सत्तावन, छत्तीस, पांच सौ उन्नीस, एक सौ चवालीस, तीस, चार सौ तेईस और छियासठ से लेने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली के भारत मंडपम में अगले वर्ष जनवरी में परीक्षा पे चर्चा की आठवीं कड़ी में विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों से संवाद करेंगे। द्वीपसमूह में छठीं से बारहवीं कक्षा तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों के अलावा शिक्षकों और अभिभावकों से इस कार्यक्रम में भाग लेने का अनुरोध किया गया है। चौदह जनवरी तक माई जी ओ वी पोर्टल पर ऑनलाइन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में चयनित विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को प्रधानमंत्री से सीधे प्रश्न पूछने का अवसर प्रदान किया जाएगा। सभी प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाणपत्र दिया जाएगा। एन सी ई आर टी द्वारा चुने गए प्रश्नों को कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा। द्वीपों के सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों से दिए गए लिंक पर संपर्क कर कार्यक्रम में शामिल होने को कहा गया है।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय की ओर से भारत के पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत डॉ. मनमोहन सिंह के सम्मान में, कल सुबह साढ़े नौ बजे प्रदर्शनी मैदान में आयोजित होने वाली स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता को रद्द कर दिया गया है। साथ ही राजभाषा विभाग की ओर से कल शाम छह बजे आयोजित होने वाले हास्य कवि सम्मेलन को भी रद्द कर दिया गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान के वायु सेना केन्द्र की ओर से दो हजार चार की हिंद महासागर सुनामी की बीसवीं वर्षगांठ मनाए जाने के अवसर पर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि देने के लिए कार–निकोबार में तैराकी का आयोजन किया गया। तैराकी को कमान के कमांडर इन चीफ एयर मार्शल साजू बालकृष्णन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पैंसठ किलोमीटर की तैराकी में भारतीय सेना, नौसेना, वायु सेना और तटरक्षक बल के अधिकारियों और कर्मियों ने भाग लिया। टीम का नेतृत्व कमान के चीफ ऑफ स्टाफ रियर एडमिरल बिप्लब होता ने किया। इस अवसर पर सुनामी से बची मेघना राजशेखर भी शामिल थीं। यह पहल कार–निकोबार के लोगों की दृढ़ता को उजागर करती है, जो आपदा से सबसे अधिक प्रभावित हुए। वायु सेना केन्द्र कार निकोबार के स्टेशन कमांडर ग्रुप कैप्टन रोशा, ने कहा कि इस तैराकी के माध्यम से हम स्थानीय लोगों की ताकत और जीवित बचे लोगों की अदम्य भावना को श्रद्धांजलि प्रदान करते हैं।

<><><><><><><>

स्वच्छ भारत अभियान के तहत साफ–सफाई का जायज़ा लेने के लिए स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बेसेडर पद्मश्री से सम्मानित नरेश चन्द्र लाल ने कल ब्यॉज सीनियर सेकेण्डरी स्कूल का दौरा किया। दौरे के दौरान उन्होंने स्कूली विद्यार्थियों से मुलाकात की। अपने संबोधन में उन्होंने स्कूल परिसर और अपने आस–पास के क्षेत्रों में साफ–सफाई रखने का अनुरोध किया। इसके अलावा पानी की बर्बादी न करने और मादक पदार्थों से दूर रहने लिए खेल–कूद की ओर ध्यान देने का आग्रह किया। इस अवसर पर स्कूल के उप–प्रधानाचार्य एल. सुकुराजन भी उनके साथ उपस्थित थे।

<><><><><><><><><><>

श्री विजयपुरम में छह से बीस जनवरी तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति मधुरेश प्रसाद और न्यायमूर्ति सुप्रतिम भट्टाचार्या मामलों की सुनवाई करेंगे।

<><><><><><><><><><>

तेईसवें राज्य स्कूल खेलों में डिगलीपुर शैक्षिक अंचल की टीम विजयी रही। विजेता टीम के लिए विवेकानन्द स्टेडियम में उप–शिक्षा अधिकारी द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के सहायक आयुक्त कमलेश्वर राव एस मुख्य अतिथि थे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में टीम के प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए खेल प्रेमियों से इन खिलाड़ियों से प्रेरणा लेने और अपने सपने को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत करने को कहा। उप–शिक्षा अधिकारी सुलोचना ने कहा कि राज्य स्कूल खेल में शानदार प्रदर्शन करते हुए डिगलीपुर अंचल के युवा खिलाड़ियों ने पांच स्वर्ण, पन्द्रह रजत और छः कांस्य पदक सहित कुल छब्बीस पदक जीते। कार्यक्रम में पी एम श्री सुभाषग्राम और सीनियर सेकेण्डरी स्कूल डिगलीपुर के लगभग पांच सौ विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भाग लिया।

<><><><><><><><><><>

विश्व हिन्दू परिषद की बजरंग दल द्वारा आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर विवेकानन्द केन्द्र विद्यालय, लम्बा लाईन परिसर में सुबह नौ बजे से आरंभ होगा। इच्छुक रक्तदाता शिविर में भाग ले सकते हैं।

<><><><><><><><><><>

श्री वीर हनुमान मंदिर ट्रस्ट की ओर से कल हनुमान जयंती मनाई जाएगी। इस सिलसिले में सुबह आठ बजे से सुदर्शन हवन होगा, दस बजे से अभिषेक के साथ

महाआरती की जाएगी। दोपहर बारह बजे से अन्नदानम की व्यवस्था की गई है। शाम पांच बजे हनुमान मंदिर से शहर के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए रैली निकाली जाएगी। इक्कतीस दिसम्बर को शाम पांच बजे पुष्पांजलि दी जाएगी। नव–वर्ष के आगमन पर एक जनवरी को छः चरणों में सुबह नौ बजे से शाम सात बजे तक विशेष लक्षअर्चना पूजा का आयोजन होगा।

<><><><><><><>

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देश के अनुसार इग्नू के ओ डी एल और ऑनलाइन कार्यक्रम में दाखिला लेने के लिए इच्छुक उम्मीदवारों के लिए दूरस्थ शिक्षा ब्यूरो आई डी बनाना अनिवार्य है। डी ई बी आई डी बनाने की प्रक्रिया दो चरणों में की जाती है। पहले ए बी सी आई डी बनाने के बाद उम्मीदवार को डी ई बी आई डी बनाना होगा। इसके लिए शिक्षा मंत्रालय की वेबसाइट ए बी सी डॉट जी ओ वी डॉट इन पर पंजीकरण करना होगा। आई डी के सत्यापन के बाद ही उम्मीदवार ऑनलाइन कार्यक्रम में दाखिला लेने के लिए आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए इग्नू के क्षेत्रीय केन्द्र से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>